# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी करेडा जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :–महीपाल सिंह, आर0ए0एस0

मुकदमा संख्या :– 74/2020 प्रार्थना पत्र

1–श्री नंदा पिता श्री हजारी खटीक, आयु वयस्क निवासी कलकीपुरा, तहसील करेड़ा जिला भीलवाडा (राज0) वगै0।

––प्रार्थीगण।

बनाम

1–श्री प्रताप पिता खमाण खटीक,आयु वयस्क,निवासी कलकीपुरा, तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा वगै।

––विपक्षीगण।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0रा0अधि0 1956

:: निर्णय ::

दिनांक: 24.11.2020

प्रार्थीगण की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0 भू0 राज0 अधि0 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम कीड़ीमाल पटवार हल्का कीड़ीमाल भू0अ0नि0 क्षेत्र ज्ञानगढ में उनके खाता संख्या 147 की आराजी किता–09 कुल रकबा 11.04 बीघा स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थीगण अपने खाते/संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे। (प्रार्थना पत्र की प्रति साथ संलग्न है।)

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 12.06.2020 को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकेनार्थ से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अदेंशा नहीं है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र प्रार्थीगण स्वीकार योग्य है।

:: आदेश ::

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम कीड़ीमाल पटवार हल्का कीड़ीमाल भू0अ0नि0क्षैत्र ज्ञानगढ में प्रार्थीगण के खाता संख्या 147 की आराजी किता–09 कुल रकबा 11.04 बीघा भूमि स्थित है। भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढी किये जाने हेतु भू.अ.निरीक्षक ज्ञानगढ को 950/–रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी में मौके व कब्जे की वास्तविक स्थिति को बनाये रखते हुये मुस्तकिल बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खड़ी होने [illegible]ढी नहीं की जावे।

सलंग्न :–प्रार्थना पत्र प्रति।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2023.02.21 10:41:18 IST
Reason: SelfAttested

(महीपाल सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :–तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थीगण द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी करेड़ा
करेड़ा, जिला भीलवाड़ा